FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : चौथी | विषय : गणित

PAPER CODE : 4031 | पूर्णांक : 10

निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' (अंक 05)

LO –M-404 - सरल ज्यामितीय आकृतियों (त्रिभुज, आयत, वर्ग) का क्षेत्रफल तथा परिमाप एक दी हुई आकृति को इकाई मानकर ज्ञात कर सकता है। जैसे – किसी टेबल की ऊपरी सतह को भरने के लिये एक जैसी कितनी किताबों की आवश्यकता पड़ेगी।

गतिविधि 1 – परिमाप

i. कक्षा के बच्चों को अवाश्यकतानुसार समूहों में बांटें। प्रत्येक समूह को धागा या सुतली (पतली रस्सी) देवें।
ii. प्रत्येक समूह को अपने आस पास की वस्तुएँ या स्थान (जैसे–टेबल, ब्लैकबोर्ड, पुस्तक आदि) के बाहरी किनारों को धागे की सहायता से मापने के लिए कहें। मापते समय धागा के एक सिरा को एक जगह स्थिर रखकर दूसरा सिरा को वस्तु के किनारों पर एक बार घूमाने को कहें, जब तक धागा प्रारंभिक स्थिति पर न पहुँच जाए।
iii. धागे पर निशान लगाकर धागे को स्केल या दर्जी टेप से मापने को कहें।

दिए गए तालिका में भरने कहें।

क्र.	वस्तु/स्थान	धागे की कुल लम्बाई	परिमाप

गतिविधि 2 – परिमाप

i. बच्चों को समूह में बांटें।

ii. प्रत्येक समूह को कोरा कागज, पेन्सिल, स्केल आदि वस्तुएं उपलब्ध करायें।

iii. समूह को कहें कि वे कागज पर स्केल की सहायता से दिए गए चित्रानुसार कुछ ज्यामितीय आकृतियां नाप कर बनायें।

iv. बनाये गए आकृतियों के परिमाप ज्ञात करायें।

उदाहरण–



गतिविधि 3 – क्षेत्रफल

i. बच्चों को आवश्यकतानुसार समूह में बाटें।

ii. बच्चों को खाली माचिस डिब्बियाँ एकत्रित करने को कहें।

iii. इन डिब्बियों को किताब की सतह पर जमाने को कहें।

iv. माचिस की डिब्बियों को किताब की सतह पर इस तरह रखें कि किताब की सतह माचिस की डिब्बी से पूरी तरह से ढक जाये।

शिक्षक बच्चों से प्रश्न करें –

(1) किताब पर कितनी डिब्बियां जमी ?

(2) किताब की सतह कितने डिब्बियों की सतह के बराबर है।

यह गतिविधि अन्य उपलब्ध वस्तुएँ जैसे– कॉपी, कम्पास, डस्टर, मेज आदि से भी करवायें।

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – M-413- इकट्ठा की गई जानकारी को सारणी, दण्डारेख के माध्यम से प्रदर्शित कर उनसे निष्कर्ष निकाल सकता है।

गतिविधि 1 – आकड़ों का निरुपण

- i. कक्षा के बच्चों को आवश्यकतानुसार समूह में विभाजित करें।
- ii. प्रत्येक समूह को कोरा कागज, पेन, स्केल आदि उपलब्ध करायें।
- iii. समूह के प्रत्येक बच्चे आपस में चर्चा करें कि उन्हे सबसे अधिक कौन सा खेल पसंद है।
- iv. तालिका बनाकर उसमे खेल और बच्चे का नाम लिखने को कहें।
- v. तालिका देखकर विभिन्न प्रश्न पूछकर लिखने को कहें। जैसेः–सबसे अधिक बच्चे किस खेल को पसंद करते हैं, इत्यादि।

क्र.	खेल	बच्चों के नाम

गतिविधि 2 – दण्ड आलेख बनाना

- i. कक्षा के बच्चों को आवश्यकतानुसार समूह में विभाजित करें।
- ii. प्रत्येक समूह के लिए ड्राइंग शीट/कोरा कागज पर दिए गए अनुसार तालिका उपलब्ध करायें।
- iii. प्रत्येक समूह के लिए तालिका अलग–अलग हो।

क्र.	रंग	पसंद करने वाले बच्चों के नाम
1	लाल	कविता, रानी, लालू
2	हरा	राज कुमार, राधिका, राजेश , आलोक
3	नीला	रश्मि, अहमद
4	गुलाबी	रामेश्वर, अब्दुल, नरेन्द्र

अब उतने ही खानों मे रंग भरें/छायांकित करें, जितने बच्चों ने रंगों को पसंद किया हैं।



गतिविधि 3 – आकड़े एकत्रित कर उनसे जानकारी प्राप्त करना

i. कक्षा के बच्चों को आवश्यकतानुसार समूह मे विभाजित करें।
ii. प्रत्येक समूह के लिए कंकड, पत्ती, बीज, कंचे आदि वस्तुएं की व्यवस्था करें।
iii. प्रत्येक समूह को अलग–अलग मात्रा में सामग्री उपलब्ध करायें।
iv. दिए गए तालिका को पूरा करायें।

वस्तु	**संख्या**
कंकड	
पत्ती	
बीज	
कंचे	

निम्न जानकारी प्राप्त करें।

कौन–सी वस्तु की संख्या सबसे कम है ....
कौन–सी वस्तु की संख्या सबसे ज्यादा है ....
पत्ती की संख्या कितनी है ....

●●●